दिनांक–02.07.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में गौवंश के अवैध परिवहन कर रहे वाहन होंगे जब्त। विधानसभा में लाया जाएगा विधेयक।
- तीन नए आपराधिक कानून लागू करने में प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल।
- राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन। नरसिंग कालेजों के मामले पर चर्चा संभव।
- राजस्थान के करौली में हुई दुर्घटना में श्योपुर के 6 लोगों की मृत्यु। मुख्यमंत्री ने जताया शोक।

## मुख्यमंत्री कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी है। इसके तहत प्रदेश में अब गोवंश के अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा। इस संबंध में विधानसभा में विधेयक लाया जाएगा। साथ ही खुले बोरवेल पर अर्थ दंड लगाने संबंधी विधेयक पर भी सहमति बनी है।

## नए आपराधिक कानून

देशभर में कल से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्ययन में प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। एडीजी लॉ एण्ड आर्डर जयदीप प्रसाद ने कल पुलिस मुख्यालय भोपाल में कहा कि पुलिस द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में नए कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है और पहले ही दिन नए कानूनों के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। मध्यप्रदेश की पहली एफआईआर भोपाल के हनुमानगंज थाने में रात 12 बजकर 16 मिनट पर दर्ज की गई। इस बीच कल नए कानूनों के संबंध में प्रदेश के सभी थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न थानों में माननीय न्यायधीशों, पुलिस अधिकारियों, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों को नए कानून के संबंध में जागरूक किया। देश के पहले आईएसओ प्रमाणित भोपाल के महिला थाने में भी नए कानूनों के संबंध में "पुलिस एवं जनता का संवाद" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। नये कानूनों के पालन और संगठित अपराधों की रोकथाम के लिये क्राइम ब्रांच ने कल क्राइम इन्टेलिजेंस यूनिट का गठन किया है। यह यूनिट 30 दिनों में संगठित अपराधियों को चिन्हित कर जानकारी तैयार करेगी।

## नए कानून–प्रदेश

प्रदेश में कल तीन नवीन नवीन आपराधिक अधिनियम के लागू होने के अवसर पर जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। निवाड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने थाना पृथ्वीपुर एवं निवाडी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नवीन अधिनियम के संबंध में उदबोधन देते हुये बताया कि जिले के समस्त थानों में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) का संचालन करने वालों एवं समस्त पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों एवं विवेचकों को भी नवीन आपराधिक अधिनियमों के संबंध में प्रशिक्षित किया जा चुका है। सतना में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने नए कानूनों पर आधारित प्रचार रथ को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिविल लाईन सतना से कल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजनों को नये कानून के बारे में जागरुक करेगा। धार में पुलिस थाना नौगांव परिसर में आईजी इंदौर ज़ोन (ग्रामीण) ने जन सामान्य को नए कानून एवं उसके प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। खंडवा में थाना कोतवाली परिसर मे नए कानून के शुभारम्भ के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक खरगोन अतुल सिंह की अध्यक्षता मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## <u>विधानसभा कार्यवाही</u>

राज्य विधान सभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। आज ध्यानाकर्शण प्रस्ताव के माध्यम से नरसिंग कालेज के मामले पर चर्चा हो सकती है। इससे पहले कल शुरू हुए 19 दिवसीय सत्र के पहले ही दिन कांग्रेस के तीखे तेवर सदन में नजर आये। कांग्रेस के सदस्यों ने प्रदेश के कई नर्सिंग कालेजों में गड़बड़ियों के मामले को लेकर सदन में हंगामा किया। वे इस मुद्दे पर प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव पर सदन में चर्चा की मांग कर रहे थे। ससदीय कार्यमंत्री ने विपक्षी सदस्यों की मांग का यह कहते हुए विरोध किया कि यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है इस लिए सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। दोनों पक्षों के शोरशराबे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## <u>यूपीएससी परिणाम</u>

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए विस्तृत आवेदन पत्र–**I** **(DAF-I)** में फिर से आवेदन करना होगा। डी ए एफ–**I** को भरने और इसे जमा करने की तारीखें और इस से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाइट पर घोषित किए जाएंगे।

प्रारंभिक परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक और उत्तर, आयोग की वेबसाइट पर सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद, अपलोड किए जायेगे।

## <u>करौली दुर्घटना–मुख्यमंत्री</u>

राजस्थान के करौली में कल शाम को हुए एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, चार लोग घायल हुए हैं। मृतकों में छह लोग प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे। ये लोग कैला देवी के दर्शन करने के लिए करौली गए थे। वहां से लौटते समय करौली–मंडरायल मार्ग पर डूंडापुरा मोड़ के पास उनकी कार की ट्रक से भिड़ंत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। मृतकों में राजस्थान के तीन लोग शामिल है।

## अमरनाथ यात्रा

जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से छह हजार पांच सौ 37 श्रद्धालुओं का 5वां जत्था अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

श्रद्धालू आज सुबह दो सौ 61 के समूह में आधार शिविर से रवाना हुए। इनमें पांच हजार 91 पुरुष, एक हजार एक सौ दो महिलाएं, 19 बच्चे, तीन सौ एक साधु और 24 साध्वियां शामिल थीं।

## मौसम

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से बारिश का दौर चल रहा है। कल भोपाल में देर रात बारिश हुई। प्रदेश में अब तक 13 जिलों में सामान्य से 60 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने जुलाई में अच्छी बारिश होने के आसार जताए हैं। मौसम विभाग, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि 3 जुलाई से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा। जिससे 15 जुलाई तक अच्छी बारिश होगी।

## भारत–जिम्बाब्वे–टी20 टीम

भारतीय क्रिकेट टीम 6 से 14 जुलाई के बीच 5 मैचों की टी–20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे दौरे के लिए पूरी तरह से तैयार है। सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे ने श्रृंखला के लिए अपनी सत्रह सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी और अनुभवी बल्लेबाज सिकंदर रजा जिम्बाब्वे टीम की कप्तानी करेंगे।

दूसरी ओर, भारत ने पहले ही जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल संभालेंगे। भारतीय टीम में ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई और अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के 31 प्राईवेट नर्सिंग होम से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के प्रोटोकाल के तहत निपटान व्यवस्था का जायजा लेने गठित अधिकारियों के संयुक्त दल ने कल से निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। जो तीन दिनों तक चलेगा।

- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगरमालवा जिले में कल नवनिर्मित 17 केन्द्रों का लोकार्पण कर प्रवेषोत्सव मनाया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान आंगनवाड़ी सेवाओं की जानकारी उपस्थित अधिकारी तथा ग्रामवासियों को प्रदान की गई ।
- छिन्दवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसान उत्पादन संगठन, कृषि अवसंरचना निधि, रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना एवं आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कल कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई।
- मंडला जिले में होने वाले पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डा. सलोनी सिडाना ने कहा है कि पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन जरुरी है।
- डिंडौरी "एक पेड़ मां के नाम" अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग–अलग जगहों पर पौध रोपण किए जाएंगे।

-----------------------------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) मुख्यमंत्री कैबिनेट बैठक**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी है। इसके तहत प्रदेश में अब गोवंश के अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा। इस संबंध में विधानसभा में विधेयक लाया जाएगा। साथ ही खुले बोरवेल पर अर्थ दंड लगाने संबंधी विधेयक पर भी सहमति बनी है।**

**बाईट- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव**

**(2) विधानसभा कार्यवाही**

**राज्य विधान सभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से नरसिंग कालेज के मामले पर चर्चा हो सकती है। इससे पहले कल शुरू हुए 19 दिवसीय सत्र के पहले ही दिन कांग्रेस के तीखे तेवर सदन में नजर आये। कांग्रेस के सदस्यों ने प्रदेश के कई नर्सिंग कालेजों में गड़बड़ियों के मामले को लेकर सदन में हंगामा किया। वे इस मुद्दे पर प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव पर सदन में चर्चा की मांग कर रहे थे। ससदीय कार्यमंत्री ने विपक्षी सदस्यों की मांग का यह कहते हुए विरोध किया कि यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है इस लिए सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। दोनों पक्षों के शोरशराबे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।**

**(3) नए कानून-प्रदेश**

प्रदेश में कल तीन नवीन नवीन आपराधिक अधिनियम के लागू होने के अवसर पर जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। निवाड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने थाना पृथ्वीपुर एवं निवाडी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नवीन अधिनियम के संबंध में उदबोधन देते हुये बताया कि जिले के समस्त थानों में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) का संचालन करने वालों एवं समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं विवेचकों को भी नवीन आपराधिक अधिनियमों के संबंध में प्रशिक्षित किया जा चुका है। सतना में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने नए कानूनों पर आधारित प्रचार रथ को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिविल लाईन सतना से कल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजनों को नये कानून के बारे में जागरुक करेगा। धार में पुलिस थाना नौगांव परिसर में आईजी इंदौर ज़ोन (ग्रामीण) ने जन सामान्य को नए कानून एवं उसके प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। खंडवा में थाना कोतवाली परिसर मे नए कानून के शुभारम्भ के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक खरगोन अतुल सिंह की अध्यक्षता मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(4) करौली दुर्घटना-मुख्यमंत्री

राजस्थान के करौली में कल शाम को हुए एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, चार लोग घायल हुए हैं। मृतकों में छह लोग प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे। ये लोग कैला देवी के दर्शन करने के लिए करौली गए थे। वहां से लौटते समय करौली-मंडरायल मार्ग पर डूंडापुरा मोड़ के पास उनकी कार की ट्रक से भिड़ंत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। मृतकों में राजस्थान के तीन लोग शामिल है।

-----------------